# कक्षा: 8 विषय: हिंदी अभ्यास प्रश्न पत्र

समय: 2.50 घंटे | पूर्णांक: 80

**प्रश्न 1. निम्नलिखित क्लिष्ट गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर तार्किक उत्तर दीजिए:(अंक: 12)**

"आधुनिकता की अंधी दौड़ में मानवीय संवेदनाएँ कहीं पीछे छूट गई हैं। आज का मनुष्य 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को विस्मृत कर स्वार्थ की संकीर्ण परिधि में सिमट गया है। मशीनीकरण ने जहाँ जीवन को सुगम बनाया है, वहीं उसने भावनाओं का मशीनीकरण भी कर दिया है। एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने संयुक्त परिवार रूपी उस वटवृक्ष को काट दिया है, जिसकी छाँव में संस्कार पनपते थे। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या हमारी नैतिक गिरावट का जीवंत प्रमाण है। आवश्यकता है कि हम वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत और मानवीय मूल्यों को भी अक्षुण्ण रखें, अन्यथा हम एक ऐसे समाज का निर्माण करेंगे जो तकनीकी रूप से समृद्ध होगा, किंतु आत्मिक रूप से कंगाल।"

(i) गद्यांश के अनुसार 'भावनाओं का मशीनीकरण' से लेखक का क्या आशय है?
(ii) 'संयुक्त परिवार' की तुलना 'वटवृक्ष' से क्यों की गई है? लाक्षणिक अर्थ स्पष्ट करें।
(iii) आधुनिक समाज को 'आत्मिक रूप से कंगाल' क्यों कहा गया है?
(iv) 'वसुधैव कुटुम्बकम' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बताइए कि आज यह भावना क्यों लुप्त हो रही है?
(v) 'अक्षुण्ण' और 'विस्मृत' शब्दों का विलोम लिखिए।
(vi) गद्यांश का एक दार्शनिक शीर्षक (Philosophical Title) लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दीजिए:(अंक: 18)**

**क.** समास विग्रह कर भेद बताइए: (क) मृगनयनी (ख) आजीवन
**ख.** संधि-विच्छेद करें और संधि का नाम लिखें: (क) उज्ज्वल (ख) सदैव
**ग** .अलंकार पहचानिए: (क) "काली घटा का घमंड घटा।"
**घ** .वाक्य शुद्धिकरण (त्रुटि पहचानें और सही करें): । (क )"साहित्य और जीवन का घोर संबंध है।"
**च.** मुहावरों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि अर्थ स्पष्ट हो जाए:
(क) लकीर का फकीर होना (ख) आँखों में धूल झोंकना
**छ.** उपसर्ग और प्रत्यय दोनों अलग कीजिए: (क): 'अपमानित'
**ज.** अनेकार्थी शब्द: 'कनक' शब्द के दो भिन्न अर्थ लिखिए।

**प्रश्न 3 क.** "जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान। मोल करो तलवार का, पड़ा रहन दो म्यान।।"। **(अंक: 30)**
प्रस्तुत साखी में 'म्यान' किसका प्रतीक है?
(क) बाह्य आवरण (ख) आंतरिक गुण (ग) युद्ध कौशल (घ) सुरक्षा

**ख.** 'ध्वनि' कविता में 'मृदुल वसंत' किस अवस्था का रूपक (Metaphor) है?
(क) बाल्यावस्था। (ख) युवावस्था (ग) वृद्धावस्था (घ) प्रौढ़ावस्था

**ग.**'भगवान के डाकिए' कविता में 'बाँचते' शब्द का लाक्षणिक अर्थ क्या है?
(क) जोर से पढ़ना (ख) समझना और महसूस करना (ग) वितरण करना (घ) केवल देखना

**घ.** 'सुदामा चरित' में 'पोटरि काँख में चाँपि रहे' पंक्ति में सुदामा की किस मनोदशा का वर्णन है?
(क) लालच (ख) संकोच और लज्जा (ग) क्रोध (घ) भय

**च.**'दीवानों की हस्ती' कविता का मूल भाव (Central Idea) क्या है?
(क) स्वछंदता और फक्कड़पन (ख) देशप्रेम और बलिदान (ग) निराशा और हताशा (घ) (क) और (ख) दोनों

**(किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (5 x 3 = 15 अंक)**

**क.** "बदलू का व्यक्तित्व कांच की चूड़ियों जैसा नहीं था कि आसानी से टूट जाए।" - इस पंक्ति के माध्यम से लेखक बदलू के चरित्र की किस दृढ़ता को उजागर करना चाहता है?
**ख** .कबीर की साखियों को आज के सामाजिक संदर्भ में आप कितना प्रासंगिक मानते हैं? तर्क सहित उत्तर दें।
**ग.** 'बस की यात्रा' पाठ केवल एक हास्य व्यंग्य नहीं है, अपितु भारत की परिवहन व्यवस्था पर एक करारी चोट है। स्पष्ट कीजिए।
**घ.** सुदामा के वैभव को देखकर भी उनकी पत्नी को प्रसन्नता क्यों नहीं हुई होगी? (तार्किक उत्तर दें)

**च.**साइकिल आंदोलन ने महिलाओं को केवल 'गतिशीलता' ही नहीं दी, बल्कि 'आत्मसम्मान' भी दिया। कैसे? (जहाँ पहिया है)
**छ.**सूरदास के पदों में बाल-मनोविज्ञान (Child Psychology) का सजीव चित्रण हुआ है। उदाहरण देकर सिद्ध करें।

**(किन्हीं 2 प्रश्नों के उत्तर दीजिए) (2 x 5 = 10 अंक)**

**क** .तुलनात्मक अध्ययन: 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ में मशीनीकरण से हस्तशिल्प (Handicraft) के विनाश की बात कही गई है। वर्तमान में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (Artificial Intelligence) से नौकरियों पर पड़ने वाले प्रभाव की तुलना इस पाठ से कीजिए।
**ख** . 'अकबरी लोटा' कहानी हमें सिखाती है कि मुसीबत के समय 'बुद्धि और प्रत्युत्पन्नमति' (Presence of mind) ही काम आती है। बिलवासी जी की भूमिका के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए।जी
**ग.**यदि आप 'पानी की कहानी' पाठ के लेखक होते, तो आज के जल-संकट (Water Crisis) को देखते हुए कहानी का अंत किस प्रकार करते?

**प्रश्न 4. अनुच्छेद लेखन (सारगर्भित एवं मौलिक विचार): (अंक: 5)**
(विषय: सोशल मीडिया: वरदान या मतिभ्रम?)। **अथवा** (विषय: भारत की बदलती तस्वीर: जी-20 से चंद्रयान तक)

**प्रश्न 5. औपचारिक पत्र: (5)**
अपने क्षेत्र में बढ़ते हुए 'ध्वनि प्रदूषण' (Noise Pollution) और डी.जे. के अनियंत्रित प्रयोग की शिकायत करते हुए अपने शहर के जिलाधिकारी (District Magistrate) को एक शिकायती पत्र लिखिए।

**प्रश्न 6. संवाद लेखन: (5)**
'परीक्षा में अंकों का दबाव' विषय पर दो विद्यार्थियों के बीच होने वाले गंभीर संवाद को लिखिए। (शब्द सीमा: 50-60)

**प्रश्न 7. सूचना लेखन (Notice Writing): (5)**
आप अपने विद्यालय के 'साहित्यिक क्लब' (Literary Club) के सचिव हैं। विद्यालय में आयोजित होने वाली 'वाद-विवाद प्रतियोगिता' के लिए कक्षा 6 से 8 के छात्रों को आमंत्रित करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए।